भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2927

जिसका उत्तर 08.08.2024 को दिया जाना है

एनएच-11 पर निर्माण कार्य

2927. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मार्च, 2014 में रेवाड़ी-नारनोल-पचेरी-सिंघाना-चिड़ावा-झुंझुनू-मंडावा-फतेहपुर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-11 को मंजूरी दी थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त एनएच पर कार्य का स्थान-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या पचेरी से झुंझुनू तक एनएच का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है और यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां। सरकार ने मार्च 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग -11 की घोषणा की थी।

(ख) ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और तदनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य किया जाता है ताकि उन्हें यातायात, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर यातायात योग्य स्थिति में रखा जा सके।

अनुबंध-I

'एनएच-11 पर कार्यों' के संबंध में श्री बृजेन्द्र सिंह ओला द्वारा पूछे गए दिनांक 08.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2927 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

क्र. सं.	रारा-11 का खंड	रारा-11 पर विकास कार्य	वर्तमान स्थिति
1	फतेहपुर से झुंझुनू खंड	फतेहपुर शहर भाग का किमी 0 से किमी 3.4 तक (कुल लंबाई 3.4 किमी)	अनुरक्षणाधीन
		फतेहपुर से झुंझुनू खंड किमी 3.400 से किमी 7.400 और किमी 20.925 से किमी 27.300 और किमी 41.625 से किमी 50.00 तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेन का बनाना (कुल लंबाई 18.75 किमी)	सितंबर, 2022 तक कार्य पूरा हो जाएगा; दोष देयता अवधि (डीएलपी) के अंतर्गत
		फतेहपुर से झुंझुनू खंड किमी 7.400 से किमी 20.925 और किमी 27.300 से किमी 41.625 तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेनिंग (कुल लंबाई 27.850 किमी)	डीएलपी के तहत; फरवरी, 2021 में कार्य पूर्ण हुआ।
		झुंझुनू शहर भाग का किमी 50.00 से किमी 58.00 तक (कुल लम्बाई 8 किमी)	अनुरक्षणाधीन
		मंडावा बाईपास (डिजाइन किमी 20.925 से किमी 27.300) और झुंझुनू बाईपास (डिजाइन किमी 41.625 से किमी 54.689) के पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन का निर्माण	परियोजना कार्यान्वयन चरण में है और वास्तविक प्रगति 69% है।
2	झुंझुनू से पचेरी	झुंझुनू से चिड़ावा किमी 58.0 से किमी 84.0 (कुल 26.00 किमी) 2-लेन कार्य	डीएलपी के तहत; दिसंबर, 2023 में कार्य पूरा हो जाएगा ।
		4 लेन सीसी रोड (चिड़वा सिटी भाग) किमी 84.0 से किमी 86.600 (कुल लंबाई 2.600 किमी)	डीएलपी के तहत जून 2023 में कार्य पूर्ण होगा।
		चिड़ावा से पचेरी किमी 86.600 से किमी 129.000	अनुरक्षणाधीन
3	पचेरी से रेवाड़ी (हरियाणा)	इस खंड को 4-लेन बनाने का कार्य चार पैकेजों में किया गया, जिसकी कुल लंबाई 67.7 किमी है।	एक आरओबी को छोड़कर पूरा खंड पूरा हो चुका है और परिचालन अनुरक्षण के अधीन है। आरओबी का कार्य अक्टूबर, 24 तक पूरा होने का लक्ष्य है।

*****